मुळा एज्युकेशन सोसायटी

कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, सोनई

हिंदी विभाग

आयोजित

हिंदी दिन वृत्तांत

हिंदी दिन के उपलक्ष्य में १४ सिंतबर से लेकर २८ सिंतबर २०१७ के दौरान हिंदी विभाग द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति रूचि बढाना, उनके ज्ञान की वृद्धि करना तथा उनमें स्वस्थ सामाजिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना था, जिसमें विभाग को सफलता मिली।

हिंदी पखवडे की पार्श्वभूमी पर सिंतबर महिने के प्रारंभ में विद्यार्थीयों को सूचना के द्वारा निंबध प्रतियोगिता में सहभागीता संबंधी आह्वाहन किया गया। इस प्रतियोगिता हेतु चार निबंध विषय दिए गए। जिसके चलते कुल २२ छात्रों ने अपने निबंध हिंदी विभाग में जमा किए। प्राप्त निबंधों में से उत्कृष्ट निबंधों को २८सिंतबर २०१७ के कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया।

उक्त तिथियों में विभाग के द्वारा जो गतिविधियां हुई, उनमें - दि. १४ सिंतबर से १६ सिंतबर २०१७ को, इन तीन दिनों में हिंदी की राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित एवं लेखिका अमृता प्रीतम की सर्वोत्कृष्ट औपन्यासिक कृति पर आधारित फिल्म *'पिंजर'* का प्रस्तुतीकरण महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में हुआ। प्रस्तुतीकरण के पूर्व हिंदी विभाग के अध्यापक श्री. अमोल दहातोंडे जी ने कार्यक्रम का प्रास्तविक किया तो, विभागाध्यक्ष डॉ. चौधारे जी ने हिंदी दिन की सभी को शुभेच्छा देते हुए प्रस्तुत औपन्यासिक कृति के बारे में छात्रों से चर्चा की। जिसका आस्वाद विभाग के कुल १२९ विद्यार्थीयों ने लिया।

दिनांक 19 सिंतबर 2017 को हिंदी विभाग द्वारा *काव्यवाचन प्रतियोगिता* का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथी के रुप में इस वर्ष के शैक्षणिक अध्यक्ष एवं भूगोल विभाग के अध्यापक श्री. शौकत फकीर जी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष का दायित्व हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. श्वेता चौधारे जी ने निभाया। श्री. अमोल दहातोंडे जी ने कार्यक्रम का प्रास्ताविक किया। इस प्रतियोगिता में 27 विद्यार्थीयों ने अपने अंदाज में हिंदी की उत्कृष्ट एवं विभिन्न कविताओं को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर श्री. धनेश माने एवं श्री. निपुंगे और श्री. अमोल दरंदले आदि अध्यापक भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. तेजस्वी वाळके ने किया, तो आभार ज्ञापन कु.अर्सिया शेख ने किया।

दि.२१ सिंतबर २०१७ को *'पहल'* इस वार्षिक भित्तीपत्रक के द्वितीय अंक के विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन के प्रमुख अतिथी के रुप में महाविद्यालय के शैक्षिक प्रभारी डॉ. ज्ञानदेव झिने जी तथा इस वर्ष के शैक्षणिक अध्यक्ष श्री. शौकत फकीर जी उपस्थित थे। 'पहल' भित्तीपत्रक का संपादकत्व कला संकाय की द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. काजोल वैरागर ने किया ।

दिनांक 28 सिंतबर 2017 को विभाग द्वारा हिंदी दिन के अवसर पर मनाये गए *हिंदी पखवडे के समापन समारोह* का आयोजन किया गया। इस आयोजन के प्रमुख अतिथी के रूप में कला संकाय एवं अंग्रेजी विभाग के प्रमुख डॉ.मच्छिंद्र वर्पे थे। कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति के रूप में महाविद्यालय के राज्यशास्त्र विभाग के प्रमुख डॉ.अविनाश साळवे थे। समापन समारोह के इस अवसर पर हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. श्वेता चौधारे जी ने कार्यक्रम का प्रास्ताविक करते हुए इस पखवडे के दौरान हिंदी विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी संक्षिप्त रूप मे दी। तो विभाग के अध्यापक

श्री. धनेश माने जी ने हिंदी दिन के उपलक्ष्य में विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के संदर्भों में अपने अनुभवों को व्यक्त किया। तत्पश्चात डॉ. चौधारे जी ने निबंध एवं काव्यवाचन प्रतियोगिताओं के नतीजों को जाहीर किया। जिसके उपहार स्वरूप विजेता विद्यार्थीयों डॉ. चौधारे जी की ओर से पुस्तक भेंट स्वरूप दिए गए। इस कार्यक्रम का सूत्रसंचालन द्वितीय वर्ष कला शाखा की छात्रा कु. प्राजक्ता होळकर ने किया। तो आभार ज्ञापन प्रथम वर्ष कला शाखा की कु. जयश्री उरे ने किया।

इस प्रकार हिंदी विभाग के द्वारा हिंदी दिन एवं पखवडे के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिस हेतु विभाग के अध्यापक एवं छात्रों का सहयोग मिला।

कुछ क्षणचित्र



'पिंजर' फिल्म का अवलोकन करते छात्र

‘पहल’ भित्तीपत्रक का अनावरण डॉ. ज्ञानदेव झिने और हिंदी विभाग के अध्यापक तथा छात्र

‘हिंदी काव्य वाचन प्रतियोगिता’

‘हिंदी काव्य वाचन प्रतियोगिता’ में सहभागी छात्र

निबंध एवं हिंदी काव्य वाचन प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कृत करते मान्यवर

'हिंदी पखवडा समापन समारोह'